प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 15.08.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना चरखारी पुलिसटीम ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक महोदय श्री आर0 के0 गौतम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री उमेश चन्द्र के निकट पर्यवेक्षण में अवैध शस्त्र निर्माण/बिक्री व अवैध शस्त्र धारक अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे सघन चेकिंग अभियान के दृष्टिगत दिनांक 14.08.2022 को प्रभारी निरीक्षक श्री विनोद कुमार शुक्ल द्वारा टीम का गठन किया गया जिसमें उ0नि0 प्रवीण कुमार सिंह द्वारा 01 नफर अभियुक्त संजय यादव पुत्र हरदयाल यादव को सूपा चौराहा से गिरफ्तार किया गया, अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद कारतूस जिन्दा 315 बोर बरामद हुआ। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु.अ.सं. 240/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिसटीम:-**

1.उ0नि0 प्रवीण कुमार सिंह थाना चरखारी जनपद महोबा

2.का. हिमांशू कुमार थाना चरखारी जनपद महोबा

**गिरफ्तार अभियुक्त-**

संजय यादव पुत्र हरदयाल यादव नि. ग्राम टोलासोयम थाना चरखारी जिला महोबा

**बरामदगी-**

01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद कारतूस जिन्दा 315 बोर



# महोबा पुलिस

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 15.08.2022

मीडिया सेल, महोबा

## स्वतंत्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा ध्वजारोहण करते हुए पुलिस बल को कर्तव्य एवं निष्ठा की शपथ दिलाकर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी गई।

आज दिनांक **15** अगस्त **2022** को भारतीय स्वाधीनता के 75 वर्ष पूर्ण होने पर स्वतंत्रता की **75** वीं वर्षगांठ के शुभ अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा अपने आवास पर तदोपरांत पुलिस लाइन जनपद महोबा स्थित क्वार्टर गार्ड में क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु हर्षिता गंगवार की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया एवं राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देते हुए राष्ट्रगान की धुन के साथ स्वतंत्रता की **75** वीं वर्षगांठ पर भारतवर्ष की आजादी के स्वर्णिम पल को याद किया गया, इसके उपरान्त सराहनीय कार्य करनें वाले पुलिस कर्मचारीगण को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया व उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों को मिष्ठान वितरित कर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामानायें दी गयी।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक श्री आर0के0 गौतम द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में, क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय द्वारा थाना कोतवाली महोबा में, क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री अजय कुमार अग्रवाल द्वारा थाना चरखारी में, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ द्वारा थाना कुलपहाड़ में ध्वजारोहण किया गया तथा जनपदीय पुलिस के सभी थानों एवं पुलिस कार्यालयों पर ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी गई व जनपदीय पुलिस के समस्त अधिकारी / कर्मचारी गणों को कर्तव्य निष्ठा की शपथ दिलाई गई।



# महोबा पुलिस



## थाना कोतवाली महोबा पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ 04 वांछित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में दिनांक 15.08.2022 को थाना कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक श्री बलराम सिंह द्वारा गठित संयुक्तटीम द्वारा चेकिंग संदिग्ध/व्यक्ति के दौरान 04 नफर वांछित अभियुक्तगण सम्बन्धित मु.अ.सं. 332/22 धारा 380/411 भादवि व मु.अ.सं. 486/21 धारा 457/380/411 भादवि से 1.गुजरात पुत्र राजकुमार डोम उम्र 20 वर्ष 2.आकाश पुत्र शशी डोम उम्र 21 वर्ष 3.चन्नू पुत्र तेजपाल डोम उम्र 20 वर्ष 4.गोविन्द पुत्र गंगाराम डोम निवासी उम्र 25 वर्ष में वाँछित को पुराने बस स्टैंड से गिरफ्तार कर थाना हाजा पर बरामदगी के आधार पर मु.अ.सं. 335/22, 336/22 337/22 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त व आपराधिक विवरण:-

1. गुजरात पुत्र राजकुमार डोम उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम औरेई थाना औरेई जिला भदोही, मु.अ.सं. 335/2022 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम
2. आकाश पुत्र शशी डोम उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम राजापुर थाना औरेई जिला भदोही,मु.अ.सं. 336/2022 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम
3.चन्नू पुत्र तेजपाल डोम उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम गोपीगंज थाना औरेई जिला भदोही,मु.अ.सं. 337/2022 धारा 3/25 शस्त्र अधिनियम
4.गोविन्द पुत्र गंगाराम डोम निवासी उम्र 25 वर्ष ग्राम चकदउनी थाना नैनी जिला प्रयागराज

### समस्त अभियुक्तगणों से बरामदगी:-

सफेद धातु व पीली धातु के जेवरात जिसमें 05 सिक्के सफेद धातु,एक मछली सफेद धातु,दो चूडी सफेद धातु, एक जंजीर सफेद धातु मय लाकेट, एक झूमर पीली धातु, एक अंगूठी पीली धातु,एक जंजीर पीली धातु तथा बर्तन पीतल व स्टील के साथ 03 अवैध तमंचा व 06 अदद कारतूस

### गिरफ्तार करने वाली टीम:-

1.उ0नि0 उपेन्द्र प्रताप सिंह प्रभारी चौकी भटीपुरा 2.उ0नि0 मलखान सिंह चौकी भटीपुरा 3.उ0नि0 अनुरूद्ध प्रताप सिंह 4.उ0नि0 रमाकान्त शुक्ला प्रभारी चौकी सुभाष 5.हे0का0 अनूप मिश्रा 6.हे0का0 अर्जुन पटेल 7.कां0 सुधांशू बाजपेई



प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 15.08.2022

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनपद महोबा के कीरत सागर में आयोजित हो रहे ऐतिहासिक कजली मेला महोत्सव में पैदल गस्त करते हुये दुकानदारों से वार्ता कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया, अधिकारियों/कर्मचारियों को शान्ति/कानून व्यवस्था बनाये रखने सम्बन्धी दिये आवश्यक निर्देश।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा जनपद महोबा के कीरत सागर तट पर आयोजित हो रहे ऐतिहासिक कजली मेला महोत्सव को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु व्यापक पुलिस प्रबन्ध किये गये हैं।

इसी क्रम में आज दिनांक 15.08.2022 को सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती सुधा सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी प्रशिक्षु हर्षिता गंगवार व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय की उपस्थिति में मेला परिसर में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया, पुलिस अधीक्षक द्वारा मेला परिसर भ्रमण के दौरान मेला क्षेत्र में बनाये गये पुलिस कण्ट्रोल रुम, खोया पाया केन्द्र, मेला चौकी व मेला थानें का औचक निरीक्षण किया गया इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्यूटीरत पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों से वार्ता कर सतर्कता के साथ ड्यूटी कर अराजकतत्वों पर पैनी नजर रखने व उनके विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिये गये।

पुलिस अधीक्षक द्वारा भ्रमण के दौरान मेला परिसर में विभिन्न दुकानदारों, व्यापारी बंधुओं एवं नागरिकों से वार्ता कर सुरक्षा का एहसास कराया गया।




